# मैंने खत एक श्याम के नाम लिखा भजन लिरिक्स

अश्कों की बूंदों से,
ग़म की कलम से,
जो है ज़रूरी काम लिखा,
मैंने खत एक श्याम के नाम लिखा,
श्रद्धा के शब्दों से,
साँसों की सरगम से,
मीरा सा एक पैगाम लिखा,
मैने खत इक श्याम के नाम लिखा।bd।

तर्ज – प्यार के कागज़ पे।

---

दुनिया में है कौन ऐसा,
दिल की सुने मेरी बातें,
हालात अपने सुनाऊँ,
तो सब हंसी है उड़ाते,
खत में दिल के हर ज़ख्म है,
नैना जिसमे दु:ख से नम है,
इसमें पता खाटू धाम लिखा,
मैने खत इक श्याम के नाम लिखा।bd।

---

दुनिया ने ताने सुनाये,
जब वक़्त ने मुझको मारा,
होता रहा दूर मेरी,
कश्ती से हर पल किनारा,
देख कर भी ना दिखा क्या,
पढ़ लो इसमें है लिखा क्या,
कर्मो का अंजाम लिखा,
मैने खत इक श्याम के नाम लिखा।bd।

---

छिपकर छिपाकर सभी से,
चिट्ठी लिखी है कन्हैया,
मैं जानता हूँ भवर से,
कर देगा तू पार नैया,
‘बेधड़क’ पे कर कृपा दे,
रास्ते बस तू दिखा दे,
बस आखिरी में प्रणाम लिखा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अश्कों की बूंदों से,
ग़म की कलम से,
जो है ज़रूरी काम लिखा,
मैंने खत एक श्याम के नाम लिखा,
श्रद्धा के शब्दों से,
साँसों की सरगम से,
मीरा सा एक पैगाम लिखा,
मैने खत इक श्याम के नाम लिखा।bd।

**Singer – Amit Sharma ( Kota)**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com